Need to provide bicycle sheds/stands to Mumbai Dabbawalas in all railway stations of Mumbai-laid

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मैं सरकार का ध्यान मुम्बई के डब्बावालो की समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ । मुम्बई के डब्बावाले उन सभी लोगों के लिए बहुत मददगार होते हैं, जो पूरे भारतवर्ष से मुम्बई शहर में काम करने के उद्देश्य से पहुँचते हैं । डब्बावाले मुम्बई की ट्रैफिक, लम्बी दूरी आदि समस्याओं के बावजूद प्रतिदिन लगभग 2 लाख डब्बे घर से ऑफिस और ऑफिस से घर पहुँचाते हैं । मुम्बई डब्बेवालो के एसोसिएशन की बहुत दिनों से माँग है, कि इन डब्बावालों को मुम्बई के सभी रेलवे स्टेशनो के निकट एक सेड की व्यवस्था स्थायी रूप से कराई जाए ताकि वे अपनी साइकिल को पार्क कर सके और अपना काम नियत समय पर पूरा कर सके । डब्बावालो के एसोसियेशन ने मुलुण्ड स्टेशन के Kalyan end FOB West की ओर भी एक सेड देने का आग्रह किया हैं, ताकि वे अपनी साइकिल पार्क कर सके । अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि रेलवे अधिकारियों से मुम्बई के सभी रेलवे स्टेशनो एवं विशेष रूप से मुलुण्ड स्टेशन पर डब्बावालो के लिए एक सेड उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करे ताकि सभी डब्बावाले अपनी अपनी नियतस्थान पर साइकिल को पार्क कर सके और साथ ही साथ इन गरीब डब्बा वालो को राहत मिले और अपना काम नियमित रूप से और समय पर कर सके ।